**Seventeenth Loksabha**

an>

# Title: Regarding alleged Bangladeshi infliltration in Jharkhand.

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सभापति महोदय, मैं लगातार इस पार्लियामेंट में अपने इलाके के बारे में बोल रहा हूं कि बांग्लादेशी घुसपैठियों ने मेरे इलाके को कब्जा कर लिया है । झारखंड सरकार के सहयोग से ऐसा हो रहा है । सर, परसों की घटना है एक पहाड़ी जनजाति जो कि प्रिमिटिव ट्राइबल ग्रुप में है, और अपनी स्थिति खो रहा है, उसकी एक लड़की से जबरदस्ती शादी कर ली गई । शादी करने के बाद उसके 50 टुकड़े कर दिए, रूबिया के 50 टुकडे कर दिए । आज तक उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हुई है । यदि यह मर्डर दिल्ली में हुआ होता, यदि कोलकाता में मर्डर होता या मुंबई में मर्डर हुआ होता, तो इसके लिए पूरे देश की मीडिया खड़ी होती । इसके पीछे यह कारण है कि हमारा जो मुख्यमंत्री है, खुद …* है । वर्ष 2013 में उसके ऊपर … * के चार्ज लगे और महाराष्ट्र सरकार ने उसकी सीबीआई इनक्वायरी के लिए कहा है ।… (व्यवधान)